भारत सरकार

भारी उद्योग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 2206**

**14 मार्च, 2023 को उत्तर के लिए नियत**

**"फेम योजना के अंतर्गत परियोजनाएं"**

**2206. श्री कराडी सनगन्ना अमरप्पा:**

**श्री प्रताप सिम्हा:**

**श्री तेजस्वी सूर्या:**

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भारत में हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहनों का तीव्र अंगीकरण एवं विनिर्माण (फेम) योजनाओं (सभी चरणों) के अंतर्गत अब तक स्वीकृत, चल रही और पूरी की गई परियोजनाओं का शहर-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) इस योजना के अंतर्गत कर्नाटक के लिए कितनी बसों को स्वीकृति प्रदान की गई है और शहर-वार विशेषकर बंगलुरू में कितनी बसें चल रही हैं; और

(ग) कर्नाटक के लिए बसों की कितनी लागत स्वीकृत की गई और और सरकार द्वारा उनके लिए और विशेष रूप से बंगलुरू में कितनी वित्तीय सहायता प्रदान की गई है?

**उत्तर**

**भारी उद्योग राज्य मंत्री**

**(श्री कृष्ण पाल गुर्जर)**

**(क):** फेम-इंडिया स्कीम के चरण-I के तहत संस्वीकृत चार्जिंग अवसंरचना और प्रौद्योगिकी विकास संबंधी प्रायोगिक परियोजना की सूची **अनुलग्नक** में है।

**(ख) और (ग)** : फेम इंडिया स्कीम, चरण- II के तहत राज्यवार संस्वीकृत और चालू ई-बसों का 15.02.2023 की स्थिति के अनुसार कर्नाटक राज्य सहित विवरण **:**

| क्र. सं. | राज्य / संगठन | स्वीकृत (संख्या) | वितरण (संख्या) |
|---|---|---|---|
| 1 | महाराष्ट्र | 830 | 682 |
| 2 | गुजरात | 700 | 397 |
| 3 | उत्तर प्रदेश | 600 | 565 |
| 4 | दिल्ली | 400 | 380 |
| 5 | कर्नाटक | 350 (बेंगलूरू : 300 + हुबली धारवाड़: 50) | 150 |
| 6 | जम्मू और कश्मीर | 200 | 0 |
| 7 | गोवा | 150 | 50 |
| 8 | राजस्थान | 148 | 0 |
| 9 | आंध्र प्रदेश | 100 | 20 |
| 10 | चंडीगढ़ | 80 | 80 |
| 11 | ओडिशा | 50 | 20 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 12 | पश्चिम बंगाल | 50 | 11 |
| 13 | उत्तराखंड | 30 | 30 |
| 14 | बिहार | 25 | 25 |
| 15 | दादरा और नगर हवेली | 25 | 25 |
| कुल | | 3738 | 2435 |

300 ई-बसों में से 150 बसों की सुपुर्दगी की गई और फ़ेम इंडिया स्कीम, चरण-II के तहत बीएमटीसी, बंगलुरु को मोबिलाइज़ेशन अग्रिम के रूप में अनुदान की पहली किस्त के रूप में 33 करोड़ रुपये जारी किए गए।

******

<u>अनुलग्नक</u>

**भारी उद्योग मंत्रालय द्वारा फेम इंडिया स्कीम के तहत अनुमोदित परियोजनाएं**
**(प्रायोगिक परियोजनाएं, चार्जिंग अवसंरचना और प्रौद्योगिकी विकास)**

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | प्रचालन एजेंसी का नाम |
|---|---|---|
| 1 | बंगलुरु में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए सार्वजनिक फास्ट चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर नेटवर्क | मैसर्स महिंद्रा रेवा इलेक्ट्रिक व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड लिथियम अर्बन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से। |
| 2 | एआरएआई, पुणे में इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड वाहनों के परीक्षण के प्रमाणन हेतु परीक्षण अवसंरचना की स्थापना | ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एआरएआई) |
| 3 | एक्सईवी चार्जिंग स्टेशन, एआरएआई, पुणे के विनिर्देशों और मसौदा मानकों को अंतिम रूप देने का प्रस्ताव | ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एआरएआई) |
| 4 | आईआईटी, मद्रास में चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर मैनेजमेंट सिस्टम के लिए प्रस्ताव | आईआईटी, मद्रास |
| 5 | बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, एमएमआरडीए, मुंबई के लिए 25 हाइब्रिड बसों का प्रस्ताव | मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) |
| 6 | हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा 25 इलेक्ट्रिक बसों के लिए प्रस्ताव | हिमाचल प्रदेश परिवहन निगम (एचआरटीसी) |
| 7 | हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा स्थानीय परिवहन के लिए 50 मैक्सी कैब का प्रस्ताव | हिमाचल प्रदेश नगर परिवहन और बस स्टैंड प्रबंधन तथा विकास प्राधिकरण (एचपीसीटी और बीएसएम और डीए) |
| 8 | आरईआईएल, जयपुर द्वारा एनसीआर में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए सौर-आधारित चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर लगाने का प्रस्ताव | राजस्थान इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रूमेंट्स लिमिटेड (रील), जयपुर |
| 9 | बीएचईएल द्वारा उद्योग भवन के परिसर में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए सौर-आधारित चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर लगाने का प्रस्ताव | भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) |
| 10 | इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए उन्नत जेनरेशन-IV लेड एसिड बैटरी और जेन-निकेल-जिंक बैटरी के लिए तकनीकी विकास परियोजना | अलौह सामग्री प्रौद्योगिकी विकास केंद्र (एनएफटीडीसी), हैदराबाद |
| 11 | अगरतला में लैंड पोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के लिए 2 इलेक्ट्रिक वाहन (5-7 सीटर) का प्रस्ताव | लैंड पोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एलपीएआई) |
| 12 | अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) में उन्नत विद्युतीकृत परिवहन (सीएआरईटी) अनुसंधान केंद्र का प्रस्ताव | अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) |
| 13 | बैटरी इंजीनियरिंग केंद्र के लिए परियोजना | आईआईटी, मद्रास |
| 14 | ऑटोमोटिव बैटरियों और सुपर कैपेसिटर के लिए उच्च दर और उच्च निष्पादन वाले इलेक्ट्रोड के लिए कैंडल सूट और ग्रैफाइन से प्राप्त पदानुक्रमित नैनो-स्ट्रक्चर कार्बन सामग्री के लिए मानव संसाधन विकास मंत्रालय की इंप्रिंट पहल के तहत प्राप्त प्रस्ताव | आईआईटी, कानपुर |
| 15 | ऑटोमोबाइल क्षेत्र से संबंधित यूएवाई परियोजना के लिए वित्तीय सहायता - नवीकरणीय ऊर्जा आधारित ईंधन सेल रेंज एक्सटेंडर के साथ हल्के वजन वाले आरईईवी का विकास | आईआईटी, मद्रास |

| | | |
|---|---|---|
| 16 | आरईआईएल, जयपुर द्वारा 200 चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने का प्रस्ताव | राजस्थान इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रूमेंट्स लिमिटेड, जयपुर |
| 17 | एआरएआई द्वारा एसी-डीसी संयुक्त सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों का अभिकल्पन और विकास | ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एआरएआई) |
| 18 | ईवी बस की डीसी चार्जिंग के लिए प्रौद्योगिकी पायलट | प्रमुख अन्वेषक<br>पन्वा इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड, नासिक, महाराष्ट्र<br>सह-प्रधान अन्वेषक<br>के.के. वाघ इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एजुकेशन एंड रिसर्च, नासिक, महाराष्ट्र |
| 19 | आईसीटी युक्त स्मार्ट चार्जिंग नेटवर्क घटकों का विकास और प्रोटोटाइपिंग | प्रमुख अन्वेषक<br>आईआईटी, दिल्ली<br>सह- प्रधान अन्वेषक<br>थापर विश्वविद्यालय, अमृता विश्व विद्यापीठम, लिथियम अर्बन टेक्नोलॉजीज<br>उद्योग भागीदार<br>इलेक्सिस टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, इंजी (जीडीएफ स्वेज एनर्जी), लिंकवेल टेलीसिस्टम्स, येक्सक्यूब टेक्नोलॉजीज |
| 20 | ई-दुपहिया और ई-तिपहिया इलेक्ट्रिक ड्राइव के लिए हब और स्पोक कंसोर्टियम | प्रमुख अन्वेषक<br>टीवीएस-लुकास लिमिटेड; एनएफटीडीसी, हैदराबाद<br>संस्थान<br>आईआईटी गुवाहाटी; आईआईटी जोधपुर; आईआईटी बीबीएसआर; वीआईटी चेन्नई; एनआईटीटीईई, सुर्थकाल<br>उद्योग भागीदार<br>लुकास टीवीएस, चेन्नई; एम्पीयर व्हीकल्स, कोयम्बतूर ; लोहिया ऑटो इंडस्ट्रीज |
| 21 | दुपहिया और तिपहिया वाहनों के लिए स्विच्ड रिलक्टेंस ट्रैक्शन मोटर और कंट्रोलर | प्रमुख अन्वेषक<br>आदित्य ऑटो प्रोडक्ट्स एंड इंजीनियरिंग (आई) प्राइवेट लिमिटेड; एनआईटीके सुर्थकाल<br>उद्योग भागीदार<br>हीरो इको; एम्पीयर व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 22 | भारतीय इलेक्ट्रिक वाहन अनुप्रयोगों के लिए सिंक्रोनस रिलक्टेंस मोटर ड्राइव | प्रमुख अन्वेषक<br>आईआईटी, मद्रास<br>उद्योग भागीदार |

| | | |
|---|---|---|
| | | महिंद्रा रेवा इलेक्ट्रिक व्हीकल्स लिमिटेड, बंगलुरु |
| 23 | 30 इलेक्ट्रिक बसों की खरीद | नवी मुंबई नगर परिवहन (एनएमएमटी) |
| 24 | सौर ग्रिड हाइब्रिड और ग्रिड संचालित चार्जिंग स्टेशन (270 चार्जर) | राजस्थान इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रूमेंट्स लिमिटेड |
| 25 | नैट्रिप से इलेक्ट्रिक वाहन आपूर्ति उपकरण (ईवीएसई) निष्पादन परीक्षण/प्रमाणन हेतु परीक्षण सुविधा अवसंरचना के लिए अनुदान सहायता प्रस्ताव | राष्ट्रीय ऑटोमोटिव परीक्षण और अनुसंधान एवं विकास अवसंरचना परियोजना (नैट्रिप) |
| 26 | सौर-आधारित इलेक्ट्रिक वाहन चार्जरों की स्थापना | भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) |

**********